# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–16 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज रॉबर्ट्सगंज के डायट परिसर में विधायक खेल महाकुंभ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से जब हम खेलकूद की बात करते हैं और नये भारत की बात करते हैं, तो हम भारत के सर्वांगीण विकास की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का सर्वांगीण विकास तभी होगा, जब उत्तर प्रदेश विकास करेगा और उत्तर प्रदेश का विकास तब होगा जब हर जनपद विकास के पायदान पर मजबूती से खड़ा होगा।

***केवल एक जगह के विकास से प्रदेश का विकास नहीं होगा हमें सर्वांगीण विकास की इस रूपरेखा को आगे बढ़ना होगा।जिसमें आध्यात्मिक सांस्कृतिक विरासत का विकास तो हो ही भौतिक विकास के कार्य भी हो शिक्षा स्वास्थ्य के साथ साथ रोजगार और खेलकूद की गतिविधियों को भी उतनी ही प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया।

**********

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का कल आखिरी दिन है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने आज इस सीट से चार सेटों में पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा, मयंकेश्वर शरण सिंह, गिरीश यादव और जेपीएस राठौर मौजूद रहे । इस सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने कल नामांकन पत्र दाखिल किया था। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव पांच फरवरी को होगा जबकि मतगणना आठ फरवरी को होगी।

**********

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने आज महाकुंभ नगर के सेक्टर नम्बर दो में संविधान गैलरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह गैलरी महाकुंभ में आने वाले लोगों को संविधान में दिये गये अधिकारों और कर्तव्यों को समझने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि–

***हमारा समाज एक कानून सम्मत तरीके से आगे बढ़े इसके लिए विशेष रूप से यह प्रयास किया गया कि यहां पर आम जन जन को सामान्य नागरिक को भी इसकी जानकारी होने का अवसर है। यहां पर इलेक्ट्रानिक सिस्टम से इस बात की भी व्यवस्था की गई है कि अगर जो भी चाहेगा तो वह ऑडियो के माध्यम से भी अपना शंकाओं का भी समाधान कर सकता है। जो जानकारी करना चाहेगा वो जानकारी भी उसको प्राप्त हो सकती है।***

श्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह गैलरी सभी वर्गों के लिये संविधान की महत्ता और इसके संरक्षण के प्रति प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

**********

महाकुंभ नगर में आज दस देशो के इक्कीस सदस्यों के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल ने संगम में पवित्र स्नान किया और संगम किला घाट और त्रिवेणी घाट पर दर्शन पूजन किया। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने हेलीकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र का हवाई भ्रमण भी किया। यह प्रतिनिधि मंडल कल महाकुंभ नगर पहुंचा, जहां उनका वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो और यूएई के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी सदस्य महाकुंभ की व्यवस्था से अभिभूत नजर आये।

**********

केन्द्र सरकार ने बिना फार्मर रजिस्ट्री के अब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ न देने का निर्णय लिया है। इस क्रम में सरकार की ओर से फार्मर रजिस्ट्री के लिये किसानों को इकतीस जनवरी तक का अवसर दिया गया है। किसान यूपीएफआर डॉट एग्री स्टेक डॉट जीओवी डॉट इन पर रजिस्ट्रेशन करा कर फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके लिये उनके पास खतौनी, आधार कार्ड तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर होना आवश्यक किया गया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्नीस जनवरी को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अठारहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए विचार और सुझाव टोल फ्री नं– एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर भेजे जा सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर भी किया जाता है। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी होता है।

**********

प्रदेश के पूर्वी जिलों में मौसम के शुष्क रहने और कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने का सिलसिला जारी है। गोरखपुर और उसके आसपास के जिलों में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा और दिन में हल्की धूप निकली।

**********